हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, गुरुवार, 12 जून 2025

तापमान
अधिकतम 43 .0 डिग्री
न्यूनतम 27 .8 डिग्री

12 हकृवि छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में उतरे कई...



12 धूमधाम से मनाई संत कबीर दास की जयंती



## एचएयू लाठीचार्ज मामला : दिनभर चला सुलह-समझौते का दौर मांगों पर अड़े छात्र, नहीं सुलझा विवाद

# छात्रों ने शुरू किया अनिश्चितकालीन धरना

### अनेक संगठनों व राजनीतिक दलों ने किया छात्रों का समर्थन, एचएयू प्रशासन को कोसा

▸▸प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने किया छात्रों को काफी समझाने का प्रयास

▸▸आज होने वाली परीक्षा को लेकर विवि प्रशासन पर दबाव डालने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में सुरक्षा कर्मचारियों द्वारा आंदोलन कर रहे विद्यार्थियों पर किए गए लाठीचार्ज के विरोध में गुस्साए छात्रों ने मांगे पूरी होने तक अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। छात्रों की मांग है कि लाठीचार्ज के जिम्मेवार अधिकारियों व कर्मचारियों को गिरफ्तार किया जाए, उनका स्टाइफंड सहित अन्य मांगों को पूरा किया जाए। उधर, दिनभर विभिन्न संगठनों के नेता धरनास्थल पर एचएयू के चार नंबर गेट पर पहुंचे और लाठीचार्ज की निंदा करते हुए छात्रों का समर्थन किया।

मंगलवार देर रात हुए लाठीचार्ज में लगभग डेढ़ दर्जन छात्रों को चोटें आई, जो अभी अस्पताल में उपचाराधीन है। छात्रों पर किए गए लाठीचार्ज के विरोध में सैंकड़ों छात्र-छात्राएं रात से एचएयू के चार नंबर गेट को रोककर धरने पर बैठ गए और विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। बुधवार को दिन भर धरना चला वहीं इस दौरान विद्यार्थियों से बातचीत का दौर भी जारी रहा लेकिन विद्यार्थी अपनी मांग पर अड़े रहे। उधर, शाम को नारनौंद से कांग्रेस विधायक जस्सी पेटवाड़ ने घायल छात्रों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। धरने पर बैठे छात्रों ने बताया कि गुरुवार को एमएससी, पीएचडी तथा बीएससी की परीक्षा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विवि प्रशासन परीक्षा देने के लिए उन पर दबाव डाल रहा है।



हिसार। धरने पर बैठे छात्रों को संबोधित करते पूर्व मंत्री संपत सिंह। फोटो : हरिभूमि



हिसार। छात्रों को समझाने का प्रयास करती एसडीएम ज्योति मित्तल। फोटो : हरिभूमि

### एसपी ने मांगा दो सप्ताह का समय, नहीं माने छात्र

दोपहर बाद पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन खुद धरनास्थल पर छात्रों से बातचीत के लिए आए और बातचीत की। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि छात्रों की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया गया है, ऐसे में दो सप्ताह में पूरे मामले की जांच करके कार्रवाई कर दी जाएगी। इसके बावजूद आंदोलनकारी छात्र नहीं माने और कहा कि जिन अधिकारियों व कर्मचारियों ने उन पर लाठीचार्ज किया है, वे वीडियो में साफ दिखाई दे रहे हैं तो उनकी गिरफ्तारी तुरंत की जाए। उन्होंने लाठीचार्ज में शामिल प्रोफेसर को तुरंत बर्खास्त करने की मांग की।

### छात्रों के हमले में सुरक्षा कर्मियों को चोटें आई : एचएयू

उधर, विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि मंगलवार रात करीब 8 बजे छात्र कुलपति निवास पर धरना प्रदर्शन करने आए। वहां पर विश्वविद्यालय प्रशाशन द्वारा छात्रों को समझाने की कोशिश की गई। प्रशासन द्वारा छात्रों को कुलपति द्वारा गठित कमेटी से सुबह 10 बजे अपनी मांग रखने व जिन सुरक्षाकर्मियों द्वारा धक्का मक्की की गई पर करवाई करने का आश्वासन दिया गया परंतु छात्र फिर भी रास्ते को रोके रहे व रिहायशी इलाके में प्रदर्शन पर अड़े रहे। जब कुलपति की गाडी निवास पर आई तो छात्रों द्वारा तुरंत उग्र प्रदर्शन व गाडी पर हमला किया गया, जिसके बीच बचाव में दोनों पक्षों को नुकसान हुआ। सुरक्षा कर्मियों को भी चोटें आई हैं। छात्रों द्वारा कुलपति व कुलसचिव के घरों पर पथराव भी किया गया।

### स्टाइफंड नीति में बदलाव का विरोध कर रहे छात्र

मामले के अनुसार स्कॉलरशिप नीति में बदलाव के विरोध में स्टूडेंट्स मंगलवार दोपहर को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपने के लिए कुलपति कार्यालय गए थे। स्टूडेंट्स कुलपति को अपना ज्ञापन सौंपना चाहते थे। इसके लिए वह वीसी कार्यालय में जाने लगे तो सिक्योरिटी गार्ड ने उनको गेट पर बाहर ही रोक लिया। इस दौरान एग्रीकल्चर के सभी स्टूडेंट्स वीसी कार्यालय गेट के बाहर ही धरने पर बैठ गए और मांगों को लेकर रोष जताने लगे। इसका यूनिवर्सिटी के बाकी स्टूडेंट्स और इनसो छात्र संगठन ने समर्थन भी किया। ऐसे में सिक्योरिटी गार्ड ने स्टूडेंट्स को धरने से उठाने के लिए उनको खदेड़ना शुरू कर दिया। इसका छात्रों ने रोष जताया तो उनके बीच बहस हो गई।

### हौटा ने बताया दुर्भाग्यपूर्ण

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (हौटा) के अध्यक्ष डॉ. अशोक गोदारा एवं अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि मंगलवार के दिन व रात को हुई घटना दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष यदि संयम से काम लेते तो ऐसा नहीं होता। उन्होंने कहा कि जिन छात्रों को चोट लगी है, उनसे हौटा को पूरी सहानुभूति है और हम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। सभी छात्र हमारे विश्वविद्यालय के हैं और हमारी शान है। इन्हीं छात्रों को आगे चलकर वैज्ञानिक बनकर किसानों की व प्रदेश की सेवा करनी है। ऐसे में हौटा का पूरा प्रयास रहेगा कि छात्रों की मांगों व समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए। इसके लिए हौटा विश्वविद्यालय के कुलपति से भी मिलेगी और अपनी तरफ से छात्रों की मांग पूरा करवाने का प्रयास करेगी रखेगी।

### लाठीचार्ज की घटना बेहद शर्मनाक : चौटाला

जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में सुरक्षाकर्मियों द्वारा छात्रों पर बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज और अभद्रता करने की घटना की कड़ी आलोचना की है। दिग्विजय चौटाला ने घटना को शर्मनाक बताते हुए कहा कि अपनी जायज मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे बेकसूर छात्रों पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने सरासर दमनकारी नीति अपनाई, जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस घटना पर तुरंत एक्शन लें और उच्च स्तरीय जांच करवाकर दोषी अधिकारियों, सुरक्षाकर्मियों पर सख्त कार्रवाई करें।

### संपत ने हमले को बताया बर्बरतापूर्ण कार्रवाई

वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री संपत सिंह छात्रवृत्ति नियमों में बदलाव के विरूद् शांतिपूर्ण तरीके से लंबे समय से धरना दे रहे छात्रों पर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा बर्बरतापूर्ण हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने मांग की कि कुलपति को इस जघन्य अपराध के लिए तुरंत बर्खास्त किया जाए। संपत सिंह विश्वविद्यालय के गेट नंबर-04 पर धरनास्थल पर छात्रों की मांगों का समर्थन करने पहुंचे और कहा कि विश्वविद्यालय के कुलपति ने संघर्षरत छात्रों से संवाद न करके उन पर अपने कुछ चहेते प्राध्यापकों, कुलसचिव, निदेशक छात्र कल्याण व मुख्य सुरक्षा अधिकारी को आदेश देकर रात के अंधेरे में अपनी उचित व न्यायसंगत मांग उठाने वाले छात्रों पर बिना किसी उत्तेजना के सीधा लाठी और डंडों से हमला करवाया। ऐसा करके कुलपति ने न केवल अपनी योग्यता और चरित्र का प्रमाण दिया बल्कि सरकार द्वारा दूसरी अवधि देने का भी ऋण चुकाया।

## खबर संक्षेप

### पांच ज्योतिर्लिंग पारिवारिक बस यात्रा 15 को

**आदमपुर**। हिसार, फतेहाबाद व सिरसा जिले के भक्तों के लिए श्रीखाटू श्याम सालासर बालाजी सेवा समिति की ओर से 15 जून से 23 जून तक पांच ज्योतिर्लिंग पारिवारिक बस यात्रा का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष अमित गोयल व मुकेश गोयल ने बताया कि स्लीपर बस यात्रा में श्रद्धालु उज्जैन में महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर-मामलेश्वर, औरंगाबाद में घृष्णेश्वर, पुणे में भीमाशंकर, नासिक में त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग के अलावा शिर्डी साईं, शनि शिंगणापुर व सालासर धाम के दर्शन करेंगे।

### चोरी की मोटरसाइकिल सहित एक गिरफ्तार

**हांसी**। शहर थाना पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जींद जिले के गांव घसों कलां निखिल के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पकड़े गए आरोपी ने यह मोटरसाइकिल 7 जून को बस स्टैण्ड के पास स्थित एक होटल के बाहर से चोरी कर लिया था। थाना शहर पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी को पुरानी कचहरी रोड़ से चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर मोटरसाइकिल को कब्जा पुलिस में लिया गया है। चोरी की मोटरसाइकिल के साथ पकड़े गए आरोपी को न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### दो उद्घघोषित आरोपी पुलिस ने किए गिरफ्तार

**हांसी**। जिला भर में उद्घघोषित आरोपी व बेल जंपर के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पीओ स्टाफ हांसी पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में उद्घघोषित अपराधी भकलाना निवासी विरेन्द्र व कुंभा निवासी मंगत को गिरफ्तार किया गया। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पकड़े गए दोनों आरोपियों को न्यायालय ने चेक बाउंस मामलों में उद्घघोषित आरोपी करार दिया हुआ था। पीओ स्टाफ हांसी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

### मोटरसाइकिल चोरी के मामले में आरोपी काबू

**हिसार**। शहर थाना पुलिस ने ऋषि नगर तिकोना पार्क के पास से मोटरसाइकिल चोरी के मामले में आरोपी उत्तर प्रदेश के अमरोहा निवासी प्रवीण कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद की है। मुख्य सिपाही नवीन कुमार ने बताया कि इस संबंध में शहर थाना में झूंपा निवासी विनोद कुमार में गत तीन मई को ऋषि नगर तिकोना पार्क के पास से मोटरसाइकिल चोरी होने के बारे शिकायत दी थी। उसने बताया कि वह तिकोना पार्क ऋषि नगर के पास मेडिकल स्टोर चलाता है। तीन मई को उसने अपना मोटरसाइकल तिकोना पार्क के पास खड़ा किया था, जो बाद में उसे वहां नहीं मिला। पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज करके छानबीन करते हुए उपरोक्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद कर ली है।

### सोशल मीडिया पर पोस्ट डालने वाला काबू

**हांसी**। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने एक महिला के सोशल मीडिया आईडी पर अश्लील मैसेज भेजने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान भिवानी जिले के गांव प्रहलाद गढ़ निवासी हिमांशु के रूप में हुई है। साइबर क्राइम थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुखजीत ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने कुछ दिनों पहले एक लड़के व लड़की का फोटो को एडिट कर उसकी सोशल मीडिया आईडी पर अपलोड कर उस पर आपत्तिजनक मैसेज किए थे। थाना साइबर क्राइम हांसी पुलिस ने महिला द्वारा दी गई।

### गायों ने खेल रहे बच्चों को रौंदा

**हिसार**। शांति नगर के पास उत्तम नगर की गुरुद्वारे वाली गली में बुधवार सायं 6.30 बजे दो गायों ने गली में खेल रहे बच्चे को बुरी तरह रौंदा।

बच्चे को हाथ, मुंह व टांगों पर काफी चोटें आई। बच्चे की टीशर्ट तक फट गई। साथ लगते घर की महिला ने बच्चे के रोने की आवाज सुनकर बचाया अन्यथा अनर्थ हो जाता। घबराए हुए बच्चे को उनके घर पहुंचाया। घर वालों ने अस्पताल जाकर इलाज करवाया। सारी घटना पास लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। नगर निगम रोजाना गायों को पकड़ने का दावा करता है फिर भी हजारों गाय आज भी सड़कों पर हैं। अनेक स्थानों पर गाय रोजाना हादसों को जन्म दे रही हैं। जिससे लोगों को घर से निकला दुश्वार हो रहा है।

### पार्ट टाइम जॉब दिलाने व रुपये डबल करने का झांसा देकर लगाई 3.32 की चपत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हांसी

साइबर ठगों ने ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब और ट्रेडिंग के नाम पर ठगी व डबल मुनाफे का झांसा देकर युवक से 3 लाख 32 हजार 344 रुपये की धोखाधड़ी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। साइबर थाना पुलिस ने संदीप सैनी की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में संदीप सैनी ने बताया कि उसके पास 12 अप्रैल को एक अज्ञात नंबर से वॉट्सऐप पर पार्ट-टाइम जॉब का मैसेज आया। उसने उस मैसेज में रुचि दिखाई, जिसके बाद साइबर ठगों ने उसे एक ऑनलाइन लिंक भेजा और उस लिंक पर 5-स्टार रेटिंग देने के बदले रुपये दिए जाने की बात कही।

संदीप ने बताया कि उसके बाद उसको रुपये जमा करवाने पर डबल मुनाफे का झांसा दिया। जिसके बाद उसने अलग-अलग यूपीआई आईडी पर कई किस्तों में कुल 3 लाख 32 हजार 344 रुपये की राशि ट्रांसफर कर दी। संदीप ने बताया कि वे लोग हर बार ठग नए-नए बहाने बनाकर राशि ट्रांसफर करवाते रहे। कभी अकाउंट फ्रिज होने का डर दिखाया गया तो कभी डबल पैसे रिफंड करने का झांसा दिया गया। संदीप ने बताया कि उसके द्वारा 3 लाख 32 हजार 344 जमा करवाए जाने के बाद भी जब उसे रुपये वापस नहीं मिले तो उसे ठगी का एहसास हुआ और उसने 1930 पर डायल कर आनलाइन शिकायत

### पटाखे वाली बुलेट बाइक पर कार्रवाई जारी

**हिसार**। हिसार पुलिस का शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान लगातार जारी है। सड़क हादसों में कमी लाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा बीते सात दिनों में ड्रिंक एंड ड्राइव के 58 चालान किए गए है। साथ ही पुलिस द्वारा पटाखे की आवाज निकालने वाले बुलेट मोटरसाइकिल के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 60 बुलेट मोटरसाइकिल के चालान कर उन्हें जब्त किया गया है साथ ही उनके साइलेंसर हटवाए गए है। पुलिस द्वारा जिलेभर में हर शाम विशेष नाकाबंदी अभियान शुरू किया गया है। नेशनल हाइवे समेत अन्य प्रमुख मार्गों पर चेकिंग की जा रही है।

## ड्रंक ड्राइविंग बाइक का 21 व बुलेट का 33 हजार का काटा चालान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हांसी

ट्रैफिक पुलिस ने यातायात नियमों के उल्लंघन के मामलों में सख्ती दिखाते हुए एक मोटरसाइकिल चालक का 21 हजार रुपए व एक बुलेट मोटरसाइकिल का 33 हजार रुपये का चालान किया है।

ट्रैफिक एसएचओ सुनील कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि नियमित चेकिंग के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित बरवाला फ्लाईओवर के समीप एक मोटरसाइकिल सवार को कागजात जांच के लिए रोका गया तो जांच के दौरान पाया गया कि बाइक चला रहा व्यक्ति शराब के नशे में था तथा उसने हेलमेट भी नहीं पहना हुआ था और उसके पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं था। एक बुलेट मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को कागजात जांच के दौरान पाया गया कि वह बिना हेलमेट, बिना आरसी, बिना पॉल्यूशन, बिना इंश्योरेंस के बाइक चला रहा था व और उसकी बाईक का साइलेंसर भी मोडिफाइड था और उसके साइलेंसर से गोली चलने जैसी आवाज निकल रही थी। जिस पर ट्रैफिक पुलिस ने यातायात नियमों के उल्लंघनों के आधार पर दोनो बाइकों का कुल 54 हजार रुपये का चालान कर दोनों को इंपाउंड कर लिया।



हांसी। जांच के उपरांत मोटरसाइकिल का चालान करते पुलिस अधिकारी




हांसी। सिसाय गांव में ग्रामीणों के साथ बातचीत करते डीएसपी सिद्धार्थ बिश्नोई।

### वैज्ञानिकों की टीम कर रही किसानों को जागरूक

आदमपुर। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र सदलपुर, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, कृषि व किसान कल्याण विभाग, बागवानी विभाग, मत्स्य पालन विभाग, गेहूं व जौ अनुसंधान केंद्र करनाल व केंद्रीय भैंस अनुसंधान केंद्र हिसार द्वारा किसानों को जागरूक किया जा रहा है। केंद्र के कार्डिनेटर डा. नरेंद्र ने बताया कि वैज्ञानिकों व अधिकारियों की टीम द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत प्रतिदिन नौ गांवों का दौरा करके किसानों को खरीफ फसलों के प्रति जागरूक करने के साथ उनकी समस्याओं के समाधान के रणनीति तैयार करके सरकार को अवगत करने के साथ उस दिशा में अनुसंधान के लिए खाका तैयार किया जा रहा है।

### गोरखधाम एक्सप्रेस के ठहराव की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**आदमपुर**। फूड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया के पूर्व सदस्य एवं कांग्रेसी नेता भूपेंद्र सिंह कासनिया ने दिल्ली में हिसार से सांसद जयप्रकाश जेपी से मुलाकात कर गोरखधाम एक्सप्रेस ट्रेन का आदमपुर रेलवे स्टेशन पर ठहराव की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। यह कदम क्षेत्र के विकास और जन सुविधा के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कासनिया ने बताया कि आदमपुर की अनाज मंडी देश भर में प्रसिद्ध है जो सरकार को भारी राजस्व प्रदान करती है। गोरखधाम एक्सप्रेस का आदमपुर में ठहराव होने से न केवल स्थानीय व्यापारियों, किसानों और मजदूरों को लाभ होगा बल्कि छात्रों को भी शिक्षा और रोजगार के लिए बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।

## डीएसपी ने गांव सिसाय में लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हांसी

उप पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ ने बुधवार को गांव सिसाय में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर समस्याओं को समझा और क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि यह गश्त क्षेत्र में पुलिस की सक्रिय उपस्थिति सुनिश्चित करने, नागरिकों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने और अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। गश्त के दौरान डीएसपी सिद्धार्थ के साथ सदर थाना प्रभारी रमेश कुमार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान उन्होंने गांव के मुख्य बाज़ार, बस स्टैंड, धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले इलाकों का बारीकी से निरीक्षण कर दुकानदारों, ग्रामीणों और युवाओं से सीधा संवाद किया और पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए उनके सुझाव भी आमंत्रित किए।

इस अवसर डीएसपी सिद्धार्थ ने क्षेत्र के युवाओं को नशे से दूर रहने और शिक्षा एवं खेल गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियों के साथ की गोष्ठी

# झूठी शिकायत देने वालों पर करें कार्रवाई: एसपी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हांसी

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने बुधवार को मीटिंग कक्ष में पर्यवेक्षण व थाना प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में उप पुलिस अधीक्षक रविन्द्र सांगवान, उप पुलिस अधीक्षक नारनौंद राज सिंह, उप जिला न्यायवादी विरेन्द्र मलिक, उप पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ सहित सभी थाना प्रबंधक, चौकी इंचार्ज व अपराध यूनिट प्रभारी, आर्थिक अपराध शाखा प्रभारी, प्रवाचक पुलिस अधीक्षक, प्रभारी सुरक्षा शाखा शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक ने मीटिंग के दौरान सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायतकर्ता की संतुष्टि सुनिश्चित की जाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि झूठी शिकायतों से न केवल पुलिस बल का समय बर्बाद होता है, बल्कि निर्दोष व्यक्ति को भी परेशानी होती है। अतः ऐसी शिकायतों पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाए। पुलिस अधीक्षक ने सभी कहा कि थाना और चौकियों में आने वाले आमजन व जनप्रतिनिधियों से सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखने पर बल दिया गया। पुलिस की छवि जनसंपर्क से बनती है, इसे मजबूत करें। नशे के दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक कर, नशीले पदार्थों की बिक्री करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ड्रग पैडलरों की हिस्ट्री शीट तैयार कर उन पर सतत निगरानी रखी जाए। अवैध शराब, जुआ, सट्टा, अवैध हथियार रखने वाले और मानकों से अधिक आवाज में डीजे बजाने वालों पर भी कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। क्षेत्रीय स्तर पर पेट्रोलिंग व नाकाबंदी बढ़ाई जाए। एसपी ने निर्देश दिए कि थानों में लंबित अभियोगों का शीघ्र निस्तारण कर आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। संपत्ति से संबंधित अपराधों में अधिकतम रिकवरी की जाए। पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील की कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन करें। ट्रैफिक उल्लंघन न केवल कानून तोड़ना है, बल्कि यह जानलेवा भी हो सकता है।



हांसी। अपराध समीक्षा गोष्ठी को संबोधित करते पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन

### सोशल मीडिया पर हथियार प्रदर्शन पर कार्रवाई

उन्होंने निर्देश दिए कि सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो/वीडियो डालने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। एसपी ने पासपोर्ट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया को समय सीमा में पूरा करने और स्कूल वाहनों की फिटनेस की नियमित जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



आज के दौर में अधिकतर लोग किसी न किसी प्रकार के तनाव से ग्रस्त नजर आते हैं। इससे मुक्ति पाने के लिए आप एक सरल योगासन का रोज अभ्यास कर सकते हैं। इसकी विधि और सावधानियों के बारे में विस्तार से जानिए।

# रोज करें आनंद बालासन रहें तनावमुक्त-आनंदित

**योगोपचार**

दिव्यज्योति 'नंदन'

आज की तेज रफ्तार जीवनशैली में हर कोई इतना व्यस्त है कि लोग चाहकर भी अपनी सेहत का सही से ध्यान नहीं रख पाते हैं, जिस कारण तनाव में रहते हैं और इस तनाव के चलते उन्हें कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं झेलनी पड़ती हैं। ऐसी जीवनशैली जीने के लिए मजबूर लोगों को उनके तनावों से छुटकारा पाने के लिए योग विशेषज्ञ हर दिन आनंद बालासन योग करने की सलाह देते हैं। आनंद बालासन योग को हैप्पी बेबी पोज भी कहा जाता है। यह एक रिलैक्सिंग योगासन है। इसे हर दिन किया जाए तो कोई कितनी ही परेशानियों से क्यों न घिरा हो, लेकिन इस योगासन की बदौलत वह किसी हद तक तनाव मुक्त हो जाता है, जिससे उसे न सिर्फ मानसिक राहत मिलती है बल्कि कई तरह की शारीरिक समस्याओं से भी छुटकारा मिल जाता है।



**इसे करने के फायदे:** यह योगासन तनाव और चिंता कम करता है। इसे नियमित करने से पीठ दर्द में आराम मिलता है। पाचन तंत्र मजबूत होता है। शरीर का लचीलापन बढ़ता है। इसे नियमित करने से नींद की गुणवत्ता सुधरती है। शरीर में एनर्जी बढ़ती है। कब्ज, गैस और ब्लोटिंग जैसी समस्याओं से राहत मिलती है। रीढ़ की हड्डी और हैमस्ट्रिंग मजबूत होती है। इतने सारे फायदे मिलने से इसे नियमित करने वाले लोग बच्चे की तरह खुशी और बेफिक्री महसूस करने लगते हैं। इसीलिए इस योगासन को आनंद बालासन कहते हैं।

**आनंद बालासन करने की विधि:** इस योगासन को करने के लिए सबसे पहले अपने योगा मैट पर पीठ के बल सीधे लेट जाएं। ध्यान रखें, इस दौरान आपकी रीढ़ की हड्डी सीधी हो। अब धीरे से अपने दोनों पैरों को ऊपर की ओर उठाएं और दोनों घुटनों को सीने के नजदीक लाएं। इस दौरान अपने दोनों पैरों के मध्य दूरी बनाएं और फिर आहिस्ता से दोनों हाथों के जरिए पैरों को मोड़ लें तथा पैरों के तलवों को छत की ओर रखें और फिर घुटनों की मदद से नब्बे डिग्री का कोण बनाएं। इस पोज में रहने के दौरान अपनी सांस पर ध्यान केंद्रित करें। इसके लिए गहरी सांस लें और फिर उसे धीरे-धीरे रिलीज करें। पैरों को पकड़ने के बाद उन्हें अपने सीने की ओर बालसुलभ भाव से खींचें जैसे छोटे बच्चे करते हैं। इस आनंद की मुद्रा में शरीर को 30 सेकेंड से 1 मिनट तक रखें। उसके बाद शरीर को कुछ देर के लिए रिलैक्स छोड़ दें। इससे तन और मन दोनों को शांति मिलती है। इस मुद्रा से बाहर आने के लिए धीरे से अपने पैरों को छोड़ें और घुटनों को वापस अपनी छाती की ओर लाएं। अब धीरे-धीरे अपने पैरों को मैट पर फैला लें।

**क्या सावधानियां बरतें:** आनंद बालासन बहुत फायदेमंद होता है लेकिन इसे करते समय कुछ सावधानियां अवश्य बरतें। अगर आपको हर्निया या स्पाइनल स्टेनोसिस जैसी कोई स्वास्थ्य संबंधी परेशानी है तो यह योगासन करने से पहले एक बार डॉक्टर से सलाह लें। सलाह न भी लें तो भी योगासन के दौरान दर्द या असुविधा महसूस हो रही हो तो तुरंत इसे करना बंद कर दें और योग शिक्षक से उसकी वजह जानें। जिन लोगों को घुटनों और टखनों की चोट लगी हो उन्हें यह आसन करने से बचना चाहिए। इस बात का भी ख्याल रखें कि इस आसन को करते समय शरीर को ज्यादा झटके से न हिलाएं अन्यथा रीढ़ की हड्डी को नुकसान हो सकता है। आनंद बालासन करने के बाद, कुछ देर के लिए शवासन की मुद्रा में आकर आराम करना चाहिए। गर्भवती महिलाएं यह आसन न करें। स्लिप डिस्क या रीढ़ की समस्या से पीड़ित लोग भी इसे न करें। हाल ही में पेट की सर्जरी करवाने वाले व्यक्ति, हर्निया या अपच के पेशेंट, जिन्हें हो घुटनों या कूल्हों में दर्द की शिकायत उन्हें यह आसन नहीं करना चाहिए।

**ये आसन करना फायदेमंद:** आनंद बालासन के पहले आप सुप्तबद्ध कोणासन और पवनमुक्तासन का अभ्यास कर सकते हैं। आनंद बालासन के बाद आप सेतु बंधासन, सुप्त मत्स्येंद्रासन और शवासन का अभ्यास कर सकते हैं। ऐसा करना और भी फायदेमंद रहेगा। *

हम जानते हैं कि ज्यादा गर्मी की वजह से शरीर के बीमार होने का रिस्क बढ़ जाता है, शरीर की इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है और डिहाइड्रेशन का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा कमजोरी और थकान महसूस होना भी आम बात है इसलिए मौसम के हिसाब से आपको अपना डाइट प्लान बनाना बहुत जरूरी है। इस बारे में यूजफुल सजेशंस।

# डाइट में शामिल करें ये फूड-लिक्विड इस सीजन में आप रहेंगे हेल्दी


**डाइट सजेशन**

ललिता गोयल

गर्मी का मौसम पाचन तंत्र के लिए अनुकूल नहीं होता है। लोगों को बहुत सारी पाचन से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में मौसम के हिसाब से डाइट में बदलाव नहीं करने पर हेल्थ पर बुरा असर हो सकता है। गर्मी के मौसम में वॉमिट और पेट में जलन जैसी समस्या भी आम होती है। इसलिए इस मौसम में हेल्दी रहने के लिए डाइट का खास ध्यान रखना चाहिए। गर्मियों में ठंडी तासीर वाली चीजों को डाइट में शामिल करने से सेहत दुरुस्त रहती है और शरीर को पर्याप्त हाइड्रेशन भी मिलता है। ऐसे में शरीर में इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस बनाए रखने वाली चीजों को डाइट में शामिल करना चाहिए। आइए जानते हैं कि गर्मी के मौसम में डाइट में किन फूड्स को शामिल करके हेल्दी रहा जा सकता है?

## तरबूज

तरबूज में पानी की मात्रा बहुत ज्यादा होती है और यह एंटी-ऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है। इसलिए इसका सेवन शरीर को हाइड्रेटेड रखता है, इंफ्लेमेशन कम करने में मदद करता है और इस



मौसम में होने वाली शरीर में पानी की कमी नहीं होने देता। तरबूज में विटामिन सी, ए और पोटेशियम जैसे पौष्टिक तत्व भी होते हैं, जो शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स को बनाए रखने में मदद करते हैं।

## खीरा

खीरा भी एक हाइड्रेटिंग फूड है, जो पानी से भरपूर होता है और इसका सेवन करने से कैलोरी भी ज्यादा नहीं कंज्यूम होती है। यह शरीर के तापमान को रेग्युलेट करने में मदद करता है और टॉक्सिन को फ्लश आउट करने में सहायक होता है इसलिए गर्मियों में खीरे को डाइट में शामिल करना, सेहत के



लिए एक बेहतर ऑप्शन है। खीरा शरीर को हाइड्रेटेड रखने और ठंडक देने के साथ-साथ शरीर में इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस बनाने, डाइजेशन को सुधारने और स्किन हेल्थ को बेहतर बनाने में मदद करता है। लंच से आधे घंटे पहले सलाद के तौर पर खीरा खाना चाहिए।

## नारियल का पानी

गर्मियों में नारियल का पानी शरीर के लिए काफी लाभदायक रहता है। इसमें पोटेशियम, मैग्नीशियम, सोडियम जैसे इलेक्ट्रोलाइट्स होते हैं। गर्मियों के



दौरान नारियल पानी पीने से पसीने के रूप में फ्लूड लॉस से शरीर को बचाता है और शरीर को हाइड्रेटेड रखने में मदद करता है।

## पुदीना

पुदीना गर्मियों में शरीर के लिए एक रिफ्रेशिंग इंग्रेडिएंट्स का काम करता है और शरीर पर इसका काफी कूल प्रभाव होता है। यह शरीर को ठंडक देने के साथ-साथ इंफ्लेमेशन कम करने में भी मददगार होता है। गर्मियों में पुदीने को सलाद, ड्रिंक्स या फिर चटनी आदि में मिला कर लिया जा सकता है। पुदीना डिटॉक्स वॉटर की तरह काम करता है और इससे डाइजेशन दुरुस्त होता है, साथ ही यह स्किन हेल्थ में भी सुधार करता है।

## दही

दही में प्रोबायोटिक होते हैं, जो अच्छे बैक्टीरिया होते हैं और पाचन तंत्र के लिए लाभदायक होते हैं। यह



शरीर की गर्मी को कम करने में, इंफ्लेमेशन को कम करने में और पेट से जुड़ी समस्याओं को कम करने में सहायक होते हैं। दही को लस्सी, स्नैक, सलाद में मिला कर खाया जा सकता है।

## ज्वार की रोटी

गर्मी के मौसम में लंच में ज्वार की रोटी खानी चाहिए। यह फाइबर से भरपूर और ग्लूटन-फ्री होती



है। इससे ब्लड शुगर लेवल रेगुलेट होता है और एनर्जी बूस्ट होती है।

## गोंद कतीरे का पानी

गर्मियों में सुबह गोंद कतीरे का पानी पीना चाहिए। गोंद कतीरा फाइबर से भरपूर होता है, शरीर को ठंडक देता है, डाइजेशन सुधारता है और गर्मी से होने वाली थकान को कम करता है। इससे स्किन



को भी हाइड्रेशन मिलता है।

## छाछ



इस मौसम में दोपहर के खाने से पहले छाछ पीना बहुत लाभकारी होता है। इससे डाइजेशन में सुधार होता है, शरीर को ठंडक मिलती है और गट हेल्थ दुरुस्त होती है।

## लौकी

गर्मियों में लौकी को डाइट का हिस्सा जरूर बनाना चाहिए। लौकी को चीला, सब्जी या दाल में डालकर खाया जा सकता है। लौकी से भी शरीर को हाइड्रेशन मिलता है। लौकी कैलोरीज में कम होती है, शरीर को डिटॉक्स करती है और डाइजेशन को सुधारती है।

## गन्ने का रस

गन्ने का रस गर्मियों में शरीर के लिए काफी फायदेमंद रहता है। इसमें विटामिंस और मिनरल्स भरपूर मात्रा में होते हैं। इसके सेवन से इम्यूनिटी बूस्ट होती है, लिवर फंक्शन में सुधार होता है और शरीर को ठंडक मिलती है। *

**(डाइटीशियन शीला सहरावत से बातचीत पर आधारित)**

## इनके सेवन से बचें

गर्मी के मौसम में हेल्दी रहने के लिए कुछ फूड्स के सेवन से बचना भी जरूरी होता है।

- मसालेदार और तले, भुने भोजन का सेवन करने से शरीर का तापमान बढ़ता है और पाचन से जुड़ी समस्या का भी सामना करना पड़ सकता है इसलिए गर्मियों में इन्हें खाने से बचना चाहिए।
- शराब का सेवन करने से शरीर डिहाइड्रेट होता है और इससे शरीर का तापमान भी बढ़ता है। इसलिए इसके सेवन से बचना चाहिए।
- गर्मियों में शुगर से भरपूर ड्रिंक्स जैसे एनर्जी ड्रिंक्स, कोल्ड ड्रिंक्स या फिर सोडा का सेवन नहीं करना चाहिए क्योंकि इससे शरीर डिहाइड्रेट होता है और ब्लड शुगर लेवल भी तेजी से बढ़ सकता है।

**घरेलू औषधि / शिवचरण चौहान**

# कई रोगों में कारगर हरड़

हरड़, बहेड़ा, आंवला तीन फल हैं, जो आयुर्वेद में अमृत के समान माने गए हैं। तीनों के फलों को सुखाकर, पीसकर त्रिफला चूर्ण पावडर बनता है, जो अनेक रोगों के लिए अचूक औषधि है। इन्हीं तीन फलों में से एक हरड़ यानी हर्र के बारे में यहां बता रहे हैं। हर्र के अनेक नाम हैं। जैसे रोग के भय को दूर करने के कारण अभया नाम है। रोगों को हर लेती है, इस कारण हरीतकी नाम है। पथ्य रूप होने से पथ्या नाम है। शरीर को बुढ़ापे से रक्षा करती है, इस कारण कायस्था नाम है। हिमालय पर उत्पन्न होने से हेमवती नाम है। अमृत के समान गुण होने से अमृता नाम है। व्यथा को दूर करने से अव्यथा नाम है। शरीर को पवित्र करने वाली होने से पूतना नाम है। कल्याणकारी होने से श्रेयसी और शिवा नाम है। जीवंती, विजया, रोहिणी नाम भी इसके गुण के अनुसार ही हैं।



**इन रोगों में लाभकारी:** भुनी हुई हर्र त्रिदोष को दूर करती है और बल, बुद्धि तथा इंद्रियों को शक्ति प्रदान करने वाली होती है। चबाकर खाई हुई हर्र पाचन अग्नि को बढ़ाती है। पिसी हुई हर्र खाने से मल की शुद्धि होती है। तली हुई हर्र खाने से संग्रहणी दूर होती है। इसमें मीठा, कड़ुवा, कसैला रस पित्त नाशक है, खट्टा रस वातनाशक है और तिक्त, कटु, कसैला रस कफनाशक है। गुड़ के साथ सेवन करने से हर्र सर्व रोगनाशक है। लवण के साथ हर्र कफ को शांत करती है। शहद के साथ सेवन करने से हर्र पित्त नाशक है। वसंत ऋतु में शहद के साथ, ग्रीष्म ऋतु में गुड़ के साथ, वर्षा ऋतु में सेंधा लवण के साथ, शरद ऋतु में मिश्री के साथ, हेमंत ऋतु में सोंठ के साथ, शिशिर ऋतु में पीपर के साथ हर्र सेवन करना चाहिए। हर्र की एक तोला से अधिक मात्रा भी ली जा सकती है।

**त्रिफला है लाभकारी:** हरड़, बहेडा, आंवला, इनको त्रिफला कहते हैं। त्रिफला को संध्या समय भिगो दें, सबेरे छान कर उससे नेत्र धोएं तो सब प्रकार के नेत्र संबंधी रोग शांत हो जाते हैं। संध्या में भिगोया हुआ त्रिफला, सुबह और छान कर नमक मिला कर पीने से खांसी और कफ के रोग दूर हो जाते हैं। अकेली हरड़ को जल के साथ घिस कर गरम कर ऊपर लेप करने से नेत्र रोग दूर हो जाता है। जो मनुष्य थका हो, धातु विकार हो, जिसका खून निकाला गया हो तथा गर्भवती स्त्री को हर्र नहीं खाना चाहिए और जिसको ज्वर आता हो उसको पीली हर्र नहीं खाना चाहिए। इसका किसी भी प्रकार के औषधीय सेवन से पहले आयुर्वेद विशेषज्ञ से सलाह अवश्य कर लें। *

**मेंटल हेल्थ**


शिखर चंद जैन

इन दिनों अखबार, टीवी और सोशल मीडिया, हर तरफ से युद्ध और हिंसा की खबरें देखने और सुनने को मिल रही हैं। कुछ लोग इससे मेंटली डिस्टर्ब होने लगते हैं। यही वॉर एंग्जायटी कहलाता है। इसके लक्षण और उपचार के बारे में यहां बता रहे हैं।

# इन दिनों कई लोगों को हो रही है वॉर एंग्जायटी

इस समय दुनिया के कई देशों में युद्ध हो रहा है या वॉर के हालात बने हुए हैं। रात-दिन वॉर से जुड़ी खबरें देखने, पढ़ने और सुनने से मीरा ने महसूस किया कि उसका जी मिचला रहा है, हल्के चक्कर आ रहे हैं और सिर भारी-भारी सा लग रहा है। उसे बार-बार टॉयलेट भी जाना पड़ रहा था और प्यास भी लग रही थी। उसने शुगर चेक किया, तो नॉर्मल था। बीपी चेक किया तो, खास बढ़ा हुआ नहीं था, सामान्य ही था। मीरा ने टीवी बंद किया, एक गिलास नीबू पानी पिया और पार्क में टहलने के लिए निकल पड़ी। सोसायटी की कुछ सहेलियां मिल गईं। उनसे बातें करते हुए उसने जब अपनी समस्या के बारे में बताया, तो एक और महिला ने भी बिल्कुल वैसे ही लक्षणों का जिक्र किया और कहा, 'मेरा भी हार्ट ऐसे ही तेज धड़क रहा था तो मैं इधर आ गई। यहां अच्छा लग रहा है।' मीरा को भी अच्छा फील होने लगा। उनकी बातें सुनकर क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट अवंतिका ने कहा, 'अरे तुम दोनों को वॉर से जुड़ी न्यूज देखते-सुनते वॉर एंग्जायटी की प्रॉब्लम हो गई है।'

**वॉर एंग्जायटी क्या है:** जब युद्ध, हिंसा और विनाश के बारे में ब्रेकिंग न्यूज, वीडियो और तस्वीरें मीडिया में छा जाती हैं, तो यह स्थिति कई लोगों के लिए परेशान करने वाली और डरावनी हो सकती है। कुछ लोगों में ये सब भावनात्मक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। कुछ विशेषज्ञों ने इस स्थिति को 'हेडलाइन स्ट्रेस डिसऑर्डर', 'युद्ध की चिंता' या 'युद्ध चिंता' नाम दिया है। इस बारे में मनोविज्ञानी स्टेफनी कोलियर, ने हार्वर्ड हेल्थ पब्लिशिंग में प्रकाशित अपने लेख में बताया है कि युद्ध की चिंता, सैन्य बलों द्वारा हमलों या आतंकी हिंसा के बारे में समाचार और भयावह तस्वीरों के प्रति भय से उपजी यह प्रतिक्रिया ही वॉर एंग्जायटी होती है।



**प्रमुख लक्षण:** डर, चिंता और अनिश्चितता उत्पन्न करने वाले समाचार, एंकर्स और प्रवक्ताओं की उग्र टिप्पणियां, बम और मिसाइलों के धमाके, रक्तपात और विनाश के दृश्य किसी के भी दिल, दिमाग और शरीर में तीव्र प्रतिक्रियाएं स्टिमूलेट कर सकते हैं। शारीरिक लक्षणों में दिल की तेज धड़कन, पेट में गुड़गुड़ाहट या मरोड़, मितली या चक्कर आना शामिल हो सकते हैं। सोने में परेशानी, बेचैनी या बुरे और डरावने सपने भी आ सकते हैं।

**इस कंडीशन में क्या करें:** अगर आप इन्हीं वजहों से बेचैनी महसूस करते हैं तो न्यूज चैनल से अपने संपर्क को सीमित करें। आप अपनी किसी हॉबी पर समय दें। अच्छी किताबें पढ़ें और प्रेरक आलेख पढ़ें। परिवार के सदस्यों या दोस्तों के साथ क्वालिटी टाइम बिताएं। अपने प्रियजनों से जुड़े रहें और उनका हाल-चाल लेते रहें। माइंडफुलनेस, शारीरिक गतिविधि और ब्रीदिंग एक्सरसाइज से इमोशंस को पॉजिटिव रखें। बच्चों के साथ खेलें और पार्क में टहलने की आदत डालें। शोध बताते हैं कि प्रकृति के करीब समय बिताने से तनाव और चिंता से राहत मिल सकती है। अपनी शारीरिक गतिविधि की तीव्रता बढ़ाएं। कोई भी एरोबिक गतिविधि चिंता को कम कर सकती है, लेकिन व्यायाम की तीव्रता और उसमें आपकी संलग्नता जितनी अधिक होगी, चिंता पर अच्छा प्रभाव उतना ही अधिक होगा। पोषक और सेहतमंद भोजन खाएं। पर्याप्त नींद लें। हाइड्रेटेड रहने के लिए खूब पानी पिएं। अनिश्चितता को स्वीकार करें। अनिश्चितता महसूस करना पूरी तरह से सामान्य है। आपको स्वयं को समझाना होगा कि इस स्थिति पर आपका कोई नियंत्रण नहीं है। *

**(मनोविज्ञानी रूपा तालुकदार से बातचीत पर आधारित)**

**क्या कहती है रिसर्च:** एक अध्ययन में पाया गया कि परमाणु युद्ध के बारे में चिंतित किशोरों में पांच साल बाद सामान्य मानसिक विकारों का जोखिम बढ़ गया था। चिंता से ग्रस्त लोगों में संकटों के बारे में मीडिया कवरेज की तलाश करने की अधिक संभावना होती है। ऐसे में युद्ध की चिंता धीरे-धीरे आप पर हावी हो सकती है या यह किसी ट्रिगर के जवाब में अचानक प्रकट हो सकती है।


वर्क प्रेशर, आगे बढ़ने की जल्दी, अनहेल्दी फूड हैबिट, एक्सरसाइज से दूरी और टेंशनफुल लाइफ ऐसे तमाम कारण हैं, जो पुरुषों के स्वास्थ्य पर लगातार नकारात्मक असर डाल रहे हैं। पुरुषों के स्वास्थ्य निगरानी माह (जून) के अवसर पर इस बारे में डिटेल में बता रहे हैं।

# बिगड़ती लाइफस्टाइल से पुरुष हो रहे बीमार

**अवेयरनेस**

रेखा देशराज

दिन पर दिन तेजी से भागती लाइफस्टाइल, दिनों-दिन जटिल होती काम-काजी तकनीक और करियर में प्रतिस्पर्धा का असर पुरुषों के समूचे स्वास्थ्य पर कहर बनकर टूट रहा है। यही वजह है कि इस 21वीं सदी में पुरुषों की औसत आयु, महिलाओं के मुकाबले करीब डेढ़ से दो साल और कम हो गई है। साथ ही पुरुषों का संपूर्ण शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य भी तेजी से गिरता जा रहा है।



**बिगड़ते स्वास्थ्य का कारण:** पुरुषों के स्वास्थ्य में गिरावट का कारण जीवन का 'रनिंग एजेंडा' है। सुबह जल्दी उठना, ऑफिस में वर्क प्रेशर, घर पहुंचकर भी ऑफिशियल प्रोजेक्ट में बिजी रहना, देर रात तक सोशल मीडिया में उलझे रहना, ये गतिविधियां आज ज्यादातर पुरुषों के जीवन का अहम हिस्सा बन गई हैं, जिस कारण वे अकसर शरीर से थके रहते हैं और दिमाग से बोझिल। पूरी दुनिया के पुरुषों की नियमित नींद में कमी आ रही है। एक तो काम का दबाव और करियर में आगे बढ़ने का प्रेशर, ऊपर से डिजिटल तकनीक का मायाजाल। इन वजहों से दुनियाभर के पुरुषों में वर्तमान लाइफस्टाइल तमाम परेशानियां पैदा कर रही हैं।

**नई तकनीक का असर:** नई तकनीक आ जाने के कारण काम-काज तो आसान हुआ है, लेकिन इस तकनीक को नियंत्रित करने की जिम्मेदारी जिन पुरुषों पर है, उन पर यह भारी पड़ रही है। ई-मेल, व्हाट्सएप, टीम मीटिंग, जूम कॉल, वर्क फ्रॉम होम इन सबने दैनिक काम को सिर्फ 9 से 5 तक सीमित नहीं रहने दिया बल्कि इसे 24X7 में तब्दील कर दिया है। पुरुषों में लगातार टेक्नोलॉजी में अपग्रेड रहने का दबाव रहता है। इससे भी दिमाग तनाव से मुक्त नहीं हो पाता है।

**अनहेल्दी फूड हैबिट:** जिस तरह की काम-काजी तेजी का दबाव है, उसके चलते फास्ट फूड खाने की हैबिट भी पुरुषों में बढ़ रही है। दुनियाभर के 52 फीसदी से ज्यादा काम-काजी पुरुष फास्ट फूड खाने के आदी हो गए हैं। भारत में 40 करोड़ पुरुष घरों से बाहर रोजी-रोटी के लिए रहते हैं, जिनमें से 17 से 20 करोड़ लोग अकेले रहते हैं और इनमें से 70 से 80 फीसदी पुरुष अमूमन हफ्ते में तीन बार फास्ट फूड खाते हैं।

**एक्सरसाइज से दूरी:** एक्सरसाइज से दूरी भी पुरुषों में बढ़ती बीमारियों का एक प्रमुख कारण है। भारत में पिछले एक दशक में पुरुषों के काम-काज के घंटे औसतन दो से ढाई घंटे बढ़ गए हैं। व्यस्तता बढ़ जाने के कारण पुरुषों में नियमित एक्सरसाइज की गतिविधि कम हो गई है।

**बढ़ रही है बीमारियां:** तमाम वजहों से पुरुष चाहकर भी अपने स्वास्थ्य की जरूरी देख-रेख नहीं कर पाते, उनका स्वास्थ्य लगातार बिगड़ रहा है। काम-काज की शैली और रफ्तार बदल जाने के कारण जिस चीज की सबसे ज्यादा उपेक्षा हो रही है, वह पुरुषों का स्वास्थ्य ही है। भारत के करीब 87 फीसदी काम-काजी पुरुष कम से कम एक या दो लाइफस्टाइल बीमारियों के चंगुल में फंसे हुए हैं और दुनिया के स्तर पर तो यह आंकड़ा 90 फीसदी के ऊपर है।

इससे साफ है कि कंडीशन तभी बदल सकती है, जब पुरुष स्वयं अपनी हेल्थ को लेकर कॉन्शस होंगे और अपनी लाइफस्टाइल में ज़रूरी बदलाव करेंगे। *

## खबर संक्षेप

### डाबड़ा माइनर पर हटाए गए कब्जे

**हिसार।** डाबड़ा माइनर पर रोड बनाने के लिए प्रशासन एक्टिव मोड़ में आ गया है। जनस्वास्थ्य एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा के आदेश के बाद मंगलवार को प्रशासन ने डाबड़ा माइनर पर अवैध कब्जे के खिलाफ कार्रवाई की। प्रशासन ने माइनर पर रोड बनाने के लिए जेसीबी की मदद से 17 अवैध कब्जों को गिरा दिया।

### शिविर में महिलाओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

**हिसार।** भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा द्वारा बरवाला रोड स्थित जिंदल पार्क में आयोजित महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर में महिलाओं ने आत्मरक्षा के विभिन्न गुर सिखे। महिलाओं ने माना कि इस तरह के शिविरों से महिलाओं के आत्मविश्वास में बहुत वृद्धि होती है और वे खुद को किसी विपरीत परिस्थिति से लडने में सक्षम पाती हैं। महिलाओं ने शिविर के दौरान दंड (लाठी) चलाना तथा किक व हाथ से सामने वाले को पल भर में धराशायी करने आदि की तकनीकें सीखीं।

### अभियान को लेकर कांग्रेस भवन में हुई बैठक

**हिसार।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा देश भर में चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत मंगलवार को कांग्रेस भवन में बैठक का आयोजन किया गया। यह अभियान पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और आगामी चुनावों के लिए तैयार करने पर केंद्रित है। विशेष रूप से इस अभियान के तहत हिसार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद के चुनाव पर भी गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक में बताया गया कि पार्टी का लक्ष्य है कि जिलाध्यक्ष का चुनाव सर्वसम्मति से हो।

### संत कबीर धर्मशाला की रखी आधारशिला

**बरवाला।** वार्ड नं. 15 में संत कबीर धर्मशाला की आधारशिला रखी गई है। धर्मशाला की आधारशिला मुख्य अतिथि नगरपालिका चेयरमैन रमेश बैटरीवाला द्वारा धार्मिक विधि विधान से रखी गई है। इस दौरान संत शिरोमणि कबीर महाराज का प्रकट दिवस मनाया गया।इस अवसर पर प्रधान प्रवीण खटक, पार्षद रामपाल, प्रवीण खटक, संजीव गुप्ता, आशा नागर, जगरूप, सज्जन मौजूद रहे।

### झूठी शिकायत की तीन पर कानूनी कार्रवाई

**हांसी।** थाना सदर एवं थाना शहर हांसी पुलिस ने तीन ऐसे मामलों में कार्यवाही की है, जिनमें व्यक्तियों द्वारा पुलिस को गुमराह करते हुए झूठी शिकायतें व झूठे मुकदमे दर्ज करवाए गए थे। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 28 मई को शेखपुरा निवासी रामगोपाल को थाना सदर हांसी में शिकायत दी थी कि दो अज्ञात व्यक्ति स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार होकर ढाणी शोभा रोड नजदीक शेखपुरा कोठी पर उसकी मोटरसाइकिल के सामने से 2 लाख की नकदी छीनकर फरार हो गए। मामला झूठा निकलने पर रामगोपाल के विरुद्ध कार्यवाही की गई। वहीं रिछपुरा निवासी रामचन्द्र ने दो व्यक्तियों पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने व मारपीट का झूठा मुकदमा दर्ज करवाया था। इसमें आरोप निराधार पाए गए, जिस पर रामचन्द्र पर कार्यवाही की गई।लाल सड़क निवासी जितेन्द्र ने तीन अलग-अलग मौकों पर डायल 112 पर सूचना दी कि उसके मकान पर जानलेवा हमला हुआ है एवं गोलियां चलाई गई हैं। इस मामले में भी जितेन्द्र पर कार्रवाई की गई है।

---

### केन्द्र सरकार ने 11 वर्ष पूरे होने पर भाजपा के प्रदेश सह प्रभारी ने की पत्रकार वार्ता

# मोदी सरकार का कार्यकाल विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प सिद्धि का स्वर्णिम काल बना : सुरेन्द्र नागर

- सांसद बोले, मोदी ने केवल अपनी या पार्टी की नहीं बल्कि 140 करोड़ देशवासियों के हितों की बात की है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



**हिसार।** पत्रकारों से बातचीत करते प्रदेश सह प्रभारी सुरेन्द्र नागर। फोटो :हरिभूमि

भाजपा के प्रदेश सह प्रभारी एवं सांसद सुरेन्द्र नागर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने 11 वर्ष में देश के हर वर्ग के हित में काम करके अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का 11 वर्ष का यह कार्यकाल स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा क्योंकि यह कार्यकाल विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प सिद्धि का स्वर्णिम काल बन गया है। भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए सुरेन्द्र नागर ने कहा कि इन 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने तकनीक से तरक्की की है, गरीब कल्याण को प्राथमिकता दी है, शासन अब सेवा है, सरकार अब सहभागी है और सुशासन अब संस्कृति है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 11 वर्षों के दौरान केवल अपनी या पार्टी की नहीं बल्कि 140 करोड़ देशवासियों के हितों की बात की है। पहले की सरकारों में जवाबदेही की कोई चर्चा तक नहीं होती थी वहीं अब प्रधानमंत्री ने मंत्रियों व अधिकारियों की जवाबदेही तय की है। ऑप्रेशन सिंदूर के दौरान सीजफायर को लेकर कांग्रेस नेताओं द्वारा उठाए जा रहे सवालों पर भाजपा सह प्रभारी ने कहा कि कांग्रेस नेताओं को हमेशा से पाकिस्तान के साथ हमदर्दी रही है। देश के बड़े हिस्से पर पाकिस्तान का कब्जा कांग्रेस की ही देन है। कांग्रेस नेता कभी देश के साथ खड़े नहीं होते, उन्हें सिर्फ और सिर्फ पाकिस्तान से प्यार है। इस अवसर पर पार्टी की जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़, मेयर प्रवीण पोपली, पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, महामंत्री आशीष जोशी व संजीव रेवड़ी, मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा, सह प्रभारी विक्रम कासनिया व राजकुमार शर्मा, रवि सैनी, सरोज सिहाग, प्रवीण जैन, सुरेंद्र सैनी, पार्षद हरिसिंह सैनी सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे।

## कार्यालय में चित्र प्रदर्शनी लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार




भाजपा कार्यालय में प्रदर्शनी का अवलोकन करते सुरेन्द्र नागर व अन्य।

केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा जिला कार्यालय में चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं व नीतियों का जिक्र किया गया। भाजपा प्रदेश सह प्रभारी एवं सांसद सुरेन्द्र नागर इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे जबकि जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने अध्यक्षता की। उन्होंने चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया और सराहना की। जिला कार्यालय पहुंचने पर जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ व अन्य पदाधिकारियों ने सह प्रभारी सुरेन्द्र नागर का स्वागत किया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, मेयर प्रवीण पोपली, महामंत्री आशीष जोशी व संजीव रेवड़ी, मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा, अमर पातड़, विक्रम कासनिया, प्रवीण जैन, रवि सैनी, राजकुमार शर्मा, रामचन्द्र गुप्ता, सुरेन्द्र सिंह सैनी, सुरेश गोयल धूपवाला, मुनीष ऐलावादी, मनदीप मलिक, कृष्ण खटाना, सतबीर वर्मा, सरोज सिहाग, सीमा शर्मा, प्रोमिला पूनिया, सुमन यादव, अशोक मित्तल, धर्मवीर पानू, सुनील वर्मा आदि उपस्थित रहे।



## गांव डाटा के बबलू की इलाज के लिए यारी इंडिया ने दी मदद

**नारनौंद।** गांव डाटा निवासी बबलू की दोनों किडनियां फैल हो चुकी हैं। बबलू जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। एक मजबूर मां बाप का बेटा पिता ने अपने बेटे के इलाज के लिए तड़प रहा हैं। अनेक सामाजिक लोग और संगठन आगे आकर उसका इलाज करवाने की पहल शुरू कर चुके हैं। इसी कड़ी में यारी इंडिया के चेयरमैन रणवीर लोहान ने उनको एक लाख रुपये और विदेश में इलाज के दौरान हवाई यात्रा का खर्च वहन करने की घोषणा की। पीड़ित बीमार बबलू के पिता ने बबलू के इलाज के अपनी छह एकड़ जमीन भी बेच दी लेकिन इलाज सफल नहीं हुआ। अब फिर बेटे के इलाज के लिए एक करोड़ रुपये की जरूरत है।

## अग्रोहा धाम में है माता लक्ष्मी का एक मात्र शक्तिपीठ

- अग्रोहा धाम में भव्य भजन समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



**हिसार।** अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग प्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए।

अग्रोहा धाम में पूर्णिमा के पावन पर्व पर भव्य भजन समारोह, छप्पन भोग, भंडारा व वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की बैठक अग्रोहा धाम अग्रोहा विकास ट्रस्ट के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। बजरंग गर्ग ने पूजा करने के उपरांत उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि अग्रोहा धाम देश का पाचवां धाम है जिसके साथ देश के नागरिकों की आस्था जुड़ी हुई है। अग्रोहा धाम में माता लक्ष्मी जी का शक्तिपीठ के साथ-साथ सभी देवी-देवताओं के मन्दिर बने हुए है। अग्रोहा धाम में हर रोज हजारों लोग परिवार सहित दर्शन के लिए आते है। भारत देश में एकमात्र माता लक्ष्मी जी का शक्तिपीठ अग्रोहा धाम में है। इस अवसर पर हरियाणा, पंजाब व राजस्थान के कलाकारों द्वारा धार्मिक भजनों से दर्शकों का मन मोह लिया और काफी देर तक भक्तजन झूमते रहें। कार्यक्रम अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने आए हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विकास गर्ग पंजाब, जीवन मोदी पंचकूला, देवेंद्र गर्ग खरड़, निर्मला मोदी व सुनिता मोदी राजस्थान, प्रदीप बंसल दिल्ली, रामकुमार गर्ग यूपी, महेश अग्रवाल मथुरा, पवन गर्ग, अनंत अग्रवाल, निरंजन गोयल, ऋषि राज गर्ग, आनंद गोयल, अजय सिंगल, मोहन तनेजा आदि प्रतिनिधि भारी संख्या में मौजूद रहे।

## एचएयू छात्रों पर लाठीचार्ज निंदनीय कार्रवाई की जाए : राजेंद्र सोरखी



**हांसी।** आम आदमी पार्टी ने एचएयू में स्कॉलरशिप कटौती का शांतिपूर्ण तरीके से विरोध कर रहे छात्रों पर बेरहमी से लाठीचार्ज किए जाने की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सोरखी ने कहा है कि छात्र जब कुलपति कार्यालय में उन्हें अपना ज्ञापन देने के लिए जा रहे थे तो सुरक्षा अधिकारियों व कर्मचारियों ने छात्रों से मारपीट की तथा कुलपति से मिलने नहीं दिया। जब छात्र विश्वविद्यालय के गेट नंबर चार पर शांतिपूर्ण तरीके से धरना-प्रदर्शन कर रहे थे तो रात 10 बजे सुरक्षा अधिकारियों व कर्मचारियों ने छात्रों पर लाठी चार्ज किया जिसमें लगभग आधा दर्जन छात्रों को गंभीर चोटें आई। विश्वविद्यालय के कई अधिकारियों ने भी छात्रों पर हुई लाठी चार्ज में मौके पर खड़े होकर साथ दिया। उन्होंने कहा कि अगर विश्वविद्यालय प्रशासन व सरकार छात्र हितों की पहले से सोच रखते तो यह नौबत ही नहीं आती।

## गुर्जर जागरूक मंच ने सांसद नागर का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



**हिसार।** सांसद सुरेंद्र नागर को स्मृति चिन्ह देते गुर्जर जागरूक मंच के पदाधिकारी।

गुर्जर समाज की तरफ से गुर्जर जागरूक मंच ने भाजपा कार्यालय में भाजपा के प्रदेश सह प्रभारी एवं राज्यसभा सदस्य सुरेंद्र नागर का स्वागत किया गया व स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया गया।

इस मौके पर गुर्जर जागरूक मंच की तरफ से हरीश सिराधना ने बताया कि सांसद सुरेंद्र नागर सरल स्वभाव और समाज हितेषी काम करते रहे हैं, उनका देशभर में सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान रहा है। गौरतलब है कि गुर्जर जागरुक मंच समय-समय पर समाज की विभिन्न विभूतियों को सम्मानित करता रहा हैं। इस अवसर पर गुर्जर जागरुक मंच से सुभाष चावड़ा, हरीश सिराधना, संदीप पखाला, कृष्ण महासी, विकास मणकश, एडवोकेट राजबीर खटाना, डॉ. सुमित खरलवा, हवा सिंह चौहान, नरेश लोहमोड़, कृष्ण खटाना, सुनील पखाला, जोगिंदर गोरसी आदि मंच के अनेक सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## टीटीसी और रुरल एक्सेस के बीच ऐतिहासिक समझौता

- ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए होगा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



एमओयू के मौके पर उपस्थित टीटीसी निदेकश डॉ. मुकेश जैन व कंपनी के प्रतिनिधि।

उत्तरी क्षेत्र कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान (टीटीसी) ने ग्रामीण समुदायों में कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने और युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों को सृजित करने बारे रुरल एक्सेस प्राइवेट लिमिटेड से एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह एमओयू कृषि यंत्रीकरण को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनाने के साझा विज़न को सुदृढ़ करने की दिशा में टीटीसी के निदेशक द्वारा किया गया एक उत्कृष्ट प्रयास है। यह समझौता टीटीसी के निदेशक डॉ. मुकेश जैन और रुरल एक्सेस प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सिद्धार्थ गौतम के बीच संस्थान परिसर में संपन्न हुआ। यह साझेदारी कृषि यंत्रीकरण के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रमों के विकास और कार्यान्वयन पर केंद्रित है, जिसका उद्देश्य है किसानों, युवाओं एवं तकनीकी कर्मियों को आधुनिक कृषि मशीनरी से परिचित कराना और उन्हें व्यावसायिक रूप से दक्ष बनाना।

## भगवान विष्णु की पूजा से सुख की प्राप्तिः पुरुषोतम

- श्री विष्णु भगवान मंदिर में श्री सत्यनारायण कथा हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



**हांसी।** मुख्य यजमान प्रेम कुमार शर्मा को स्मृति चिह्न भेंट करते पंडित पुरुषोत्तम जोशी व ट्रस्ट सचिव प्रवीण बंसल। फोटो :हरिभूमि

चौपटा बाजार स्थित विष्णु भगवान मन्दिर ट्रस्ट द्वारा पावन पूर्णिमा के दिन श्री सत्यनारायण भगवान जी की कथा एवं भंडारे का आयोजन मन्दिर प्रांगण हांसी में किया गया। कथा में दिल्ली उच्च न्यायालय के सेवानिवृत ज्वाइंट रजिस्ट्रार एवं मंदिर प्रबंधन ट्रस्ट के ट्रस्टी प्रेम कुमार शर्मा अपनी पत्नी प्रेमलता शर्मा सहित मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ इनके पुत्र एडवोकेट दीपक शर्मा ने भी पूजन एवं कथा श्रवण में हिस्सा लिया। श्री विष्णु भगवान मन्दिर के पुजारी एवं कथा वाचक पंडित पुरुषोत्तम जोशी ने श्री सत्यनारायण भगवान का पूजन करवाने के साथ साथ कथा करते हुए बताया कि ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा पर लक्ष्मी-नारायण व्रत करने का बहुत महत्व है। इस खास दिन पर भगवान विष्णु की पूजा करने से दुखों का नाश होता है और सुखों की प्राप्ति होती है। ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा सबसे पवित्र और शुभ मानी जाती है। इस अवसर पर ट्रस्ट के प्रधान रमेश खरडिया, सचिव प्रवीण बंसल, प्रबंधक रतन कुमार शर्मा, पुर्व मुख्याध्यापक जय भगवान, मुख्याध्यापक रामवतार सिंह, सुनील शर्मा, प्रवीण सहारा, मनजीत जांगड़ा, पूर्व बंसल, राकेश गर्ग, रविंद्र गोयल मौजूद रहे।

## अमर गिरी के 41 दिन तप करने बाद लगाया भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उकलाना



**उकलाना।** श्रद्धालुओं को प्रवचन देते बाबा अमर गिरी फलाहारी।

श्री सिद्ध समाधी पंचग्रामी उकलाना में फलाहारी अशोक गिरी महंत के शिष्य बाबा अमर गिरी फलाहारी की 41 दिनों की तपस्या पूर्ण होने पर 42 वें दिन भंडारे का आयोजन हुआ। इसमें क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया और महाराज से आशीर्वाद भी प्राप्त किया।

इसके अतिरिक्त साधु संतों ने भी पहुंचकर कार्यक्रम में महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। भंडारे के अतिरिक्त मीठे पानी की छबील भी लगाई गई । इस मौके पर ग्रामीण सुनील कुमार, भजन जलेबी वाला, सतीश सचदेवा, अनार हवाई, कृष्ण कुमार, संदीप, इंद्र सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## धूमधाम से मनाई संत कबीर जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



**हिसार।** संत कबीर मंदिर में कबीर जयंती मनाते क्षेत्रवासी।

कबीर चौक स्थित संत कबीर मंदिर में बुधवार को संत शिरोमणि कबीर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर संत कबीर की वाणी व उनके द्वारा लिखे गए दोहों को गुनगुनाया गया। उपस्थित लोगों ने उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि संत कबीर महान समाज सुधारक थे। उनका सारा जीवन सत्य की खोज में व्यतीत हुआ। मानवता की रक्षा, विश्व बंधुत्व और परस्पर प्रेम के लिए कबीर की वाणी एक बड़ा ही सरल माध्यम है। कार्यक्रम में बाला देवी धर्मपत्नी स्वर्गीय बलबीर सिंह दुग्गल, विनोद दुग्गल, कुलदीप दुग्गल, देवकी रानी, रेखा रानी, गौरव दुग्गल, हर्षित दुग्गल, मोनिका वैशाली, दविशा शामिल रहे।

### पारुल नैन का ऑस्ट्रेलिया-इंडिया इंस्टीट्यूट में एक्जीक्यूटिव असिस्टेंट पद पर चयन

# किसान की बेटी ने सात समुंद्र पार रोशन किया देश और गांव का नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



पारुल नैन

यदि हौसले बुलंद हों और इरादे मजबूत, तो गांव की गलियों से निकलकर भी बेटियाँ सात समुंदर पार अपना और अपने देश का नाम रोशन कर सकती हैं। ऐसा ही कारनामा कर दिखाया है उकलाना हल्के के गांव कुलेरी की बेटी पारुल नैन ने। एक किसान परिवार में जन्मी पारुल आज ऑस्ट्रेलिया के प्रतिष्ठित ऑस्टेलिया-इंडिया इंस्टीट्यूट में सीईओ की कार्यकारी सहायक जैसे अहम पद पर कार्यरत हैं। मुख्यमंत्री उड़नदस्ता इन्चार्ज सुनैना ने बताया कि बेटी पारुल नैन अब ऑस्ट्रेलिया-इंडिया इंस्टीट्यूट में कार्यरत हैं, जहां वे संस्थान के सीईओ और वरिष्ठ नेतृत्व को उच्च-स्तरीय सहयोग प्रदान करती हैं। वे संस्थान की रणनीतिक योजनाओं, शोध परियोजनाओं और भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच द्विपक्षीय संबंधों को सशक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। पारुल का अनुभव भारत में ज़िला स्तरीय प्रशासन, सार्वजनिक नीति अनुसंधान, और शैक्षणिक लेखन क्षेत्रों में रहा है।

### गांव से मेलबर्न तक की संघर्ष भरी उड़ान

*पारुल नैन, पूर्व सरपंच एवं किसान दयानंद नैन व सुनैना की बेटी हैं। पारुल नैन के पिता गांव में खेतीबाड़ी का कार्य करते हैं तथा माता सुनैना वर्तमान में मुख्यमंत्री उड़नदस्ता हिसार की इन्चार्ज हैं। पारुल की माता सुनैना ने बताया कि पारुल ने प्रारंभिक पढ़ाई डीपीएस स्कूल हिसार से की। इसके बाद चंडीगढ़ के मेहर चंद महाजन कॉलेज से स्नातक और पंजाब यूनिवर्सिटी से गवर्नेंस एंड लीडरशिप में स्नातकोत्तर किया। लेकिन पारुल यहीं नहीं रुकीं। उन्होंने शिक्षा और मेहनत को हथियार बनाया और दो वर्ष पूर्व ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न पहुंचीं।*

### गांव में खुशी का माहौल

पारुल की उपलब्धि पर गांव कुलेरी में गर्व और खुशी का माहौल है। उनके पिता दयानंद नैन व माता सुनैना का कहना है कि पारुल ने हमेशा बड़े सपने देखे और उन्हें सच करने के लिए दिन-रात मेहनत की। उसने साबित कर दिया कि बेटियां किसी से कम नहीं। पारुल ने सफलता का श्रेय अपने पिता दयानंद नैन, माता सुनैना व मामा डॉ. भीम सिंह पूनिया को दिया और कहा कि मेरी माता ने मुझे एक अच्छा मार्गदर्शक दिया।

## खबर संक्षेप

### गुजवि ने परीक्षा परिणाम घोषित किए

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि दिसम्बर 2024 में आयोजित एमएससी बोटनी प्रथम सेमेस्टर (मेन) बैच 2024, एमकॉम प्रथम सेमेस्टर (मेन) बैच 2024, इंटेग्रेटिड बीएससी (लाइफ साइंस)-एमएससी (बोटनी/जूलॉजी/माइक्रोबायोलॉजी/बायोटेक्नोलॉजी/ कैमिस्ट्री) एनईपी-2020 प्रथम सेमेस्टर (मेन) बैच 2024, इंटेग्रेटिड बीकॉम-एमकॉम के परिणाम घोषित कर दिए गए है।

### गुरु दक्ष आईटीआई में रोजगार मेला 16 को

**हिसार।** आर्यनगर स्थित गुरु दक्ष आईटीआई के मुख्य सभागार में 16 जून की सुबह रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। संस्थान के अध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा ने बताया कि इसमें देश की सर्वश्रेष्ठ मोटरबाइक निर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प, निमराणा, अलवर भाग ले रही है। इसमें आई टी आई संबंधित सभी तकनीकी ट्रेडों के पासआउट छात्र-छात्राओं को नौकरी व अप्रैंटीशिप के अवसर मुहैया करवाए जा रहे हैं । उन्होंने बताया कि संस्थान व नजदीकी क्षेत्र के आईटीआई व इंजीनियरिंग तकनीकी तौर कुशलता प्राप्त छात्रों को रोजगार के अधिक से अधिक अवसर मुहैया करवाना हमारे संस्थान का प्रथम व अहम लक्ष्य है।

### छात्रों को छात्रवृत्ति की बजाय लाठी-डंडों से पिटवाना घोर निंदनीय : नरेश

# हकृवि छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में उतरे कई संगठन

छात्रों पर लाठीचार्ज की चौतरफा निंदा हो रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

स्कॉलरशिप के नियमों में बदलाव की मांग कर रहे छात्रों पर हकृवि के सुरक्षा कर्मचारियों द्वारा लाठीचार्ज की चौतरफा निंदा की जा रही है। कई राजनीतिक, सामाजिक व छात्र संगठनों ने हकृवि के गेट के बाहर धरने पर बैठे छात्रों के बीच पहुंचे और उनकी मांग को जायज बताते हुए लाठीचार्ज करने वाले कर्मचारियों व अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग उठाई। उकलाना से विधायक नरेश सेलवाल ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्रों पर हुए लाठीचार्ज और छात्रवृत्ति नियमों में बदलाव को लेकर हरियाणा सरकार की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि छात्रों को उनका हक देने की बजाय उन पर बल प्रयोग करना अत्यंत शर्मनाक और निंदनीय है। विधायक सेलवाल ने कहा कि प्रदेश के एकमात्र कृषि विश्वविद्यालय के छात्र आज सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं, जिसका मुख्य कारण विश्वविद्यालय द्वारा हाल ही में छात्रवृत्ति (स्टाइपेंड) नियमों में किया गया मनमाना संशोधन है।



**हिसार।** डीसी को ज्ञापन देने पहुंचा संयुक्त किसान मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल।

### पूर्व छात्र संगठन ने दिया समर्थन

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे छात्रों को बुधवार को पूर्व छात्र संगठन ने समर्थन दिया जिसमें बिजेंद्र शर्मा पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, कुलबीर ढुहन पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष गर्वनमेंट कालेज हिसार, छात्र नेता सुरेंद्र पंघाल, विजय पानू, अजय सेठी, हरपाल सिंह, नरेंद्र कौशिक धरती पकड़, सुशील गोयत, डॉ. रमेश पूनिया शामिल रहे। इस अवसर पर सभी नेताओं ने छात्रों पर आधी रात को कल हुए लाठी चार्ज की घोर निंदा की और फैसला लिया यदि छात्रों की मांग को नहीं माना गया और जिन लोगों ने लाठी चार्ज किया है छात्रों पर उनको गिरफ्तार नहीं किया गया तो पूरे हरियाणा के छात्र नेताओं से विचार विमर्श करके हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र आंदोलन को पूरे हरियाणा स्तर छात्र आंदोलन को खड़ा किया जाएगा। किसी भी हाल में छात्रों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज पर विरोध

एसएफआई ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में छात्रवृति नीति में बदलाव के खिलाफ शांतिपूर्ण तरीके से धरना दे रहे छात्रों पर बीती रात विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा बर्बरतापूर्ण किए गए लाठीचार्ज की कड़े शब्दों में निंदा की है। एसएफआई ने मांग की कि छात्रवृत्ति की पुरानी नीति को तुरंत बहाल किया जाए, लाठीचार्ज के लिए जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों विशेषकर रजिस्ट्रार और अन्य संबंधित व्यक्तियों को तुरंत निलंबित कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।

### एसकेएम ने हकृवि छात्रों के समर्थन में डीसी को सौंपा ज्ञापन

**हिसार।** संयुक्त किसान मोर्चा ने हकृवि में छात्रों बर्बरतापूर्ण दमन कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए छात्रों के समर्थन में डीसी को ज्ञापन सौंपा। विवि के गेट नंबर 4 के सामने पार्क में संयुक्त किसान मोर्चा की मीटिंग हुई और छात्रों की मांगों समर्थन किया। संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं ने कहा कि हकृवि में अपने हक्र की मांग कर रहे छात्रों को कुलपति से मिलने की बजाय सिक्योरिटी गार्ड्स से पिटवाया गया। पीटने वालों में न केवल सिक्यॉरिटी गार्ड थे बल्कि प्रोफेसर भी शामिल रहे। स्कॉलरशिप नीति में बदलाव के खिलाफ छात्र शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर कुलपति से मिलने चाहते थे, लेकिन विवि प्रशासन ने बातचीत करने के बजाय दमन का रास्ता अख्तियार किया। किसान मोर्चा का मानना है कि इस घटना के तमाम आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए। जिन अधिकारियों को खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है उन्हें तुरंत गिरफ्तार किया जाएं। मीटिंग में सरदानन्द राजली, सोमबीर चौधरीवास, राजीव मलिक, अनिल गोरछी, सुधीर सिंघवा, कैलाश मलिक, कुलदीप पुनिया, दिनेश सिवाच, कुलदीप खरड़, हर्षदीप गिल, नसीब सातरोड़, बिमला तरड़, कृष्ण पाली, सचिन जागलान, ललित हिसारियां, सुरेन्द्र मान, बलराज मलिक, जगबीर माजरा आदि मौजूद थे।

### एचएयू में विद्यार्थियों पर लाठीचार्ज निंदनीय : वजीर पूनिया

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष दलबीर किरमारा ने एचएयू में अपनी मांगों के लिए प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों पर लाठीचार्ज की निंदा की है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता वजीर सिंह पूनिया ने एचएयू में आंदोलन कर रहे छात्रों पर बेरहमी से लाठीचार्ज किए जाने की कड़ी निंदा की है। उन्होंने मांग की कि लाठीचार्ज में शामिल विश्वविद्यालय के अधिकारियों व सुरक्षा कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। पूनिया ने कहा कि यह ऐसा मामला नहीं था कि नौबत लाठीचार्ज तक पहुंचे लेकिन कुलपति व उनकी जुंडली के जिम्मेवार अधिकारियों ने इसे तनाव व लाठीचार्ज तक पहुंचा दिया। उधर, नलवा विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी एडवोकेट बजरंग इंदल ने हकृवि में छात्रों पर हुए बर्बर लाठीचार्ज को वीभत्स बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में छात्रों पर हुए पुलिसिया और सुरक्षाबलों के दमन की यह घटना पूरे प्रदेश के लिए कलंक बन चुकी है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष दलबीर किरमारा ने एचएयू में अपनी मांगों के लिए प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों पर लाठीचार्ज की निंदा की है।

## भगवान तिरुपति महाभिषेक को देखकर अभिभूत हो गए श्रद्धालु



**हिसार।** तिरुपति धाम में उपस्थित स्वामी नारायणाचार्य जी महाराज व अर्चक।

- ज्येष्ठाभिषेक उत्सव में 81 कलशों से किया भगवान तिरुपति का महाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

उत्तर व दक्षिण भारतीय संस्कृति को एकसूत्र में पिरोने वाले श्री तिरुपति बालाजी धाम में ज्येष्ठाभिषेक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। परम पद प्राप्त जगदगुरु त्रिदंडी जीयर स्वामी जी महाराज के परम कृपापात्र अनन्त श्री विभूषित सर्वश्री स्वामी नारायणाचार्य जी महाराज के सान्निध्य में यह उत्सव पूरी आस्था व उत्साह के साथ आयोजित किया गया। पूरे-विधान व मंत्रोच्चारण के साथ दूध, दही, घी, शहद व गंगाजल आदि से 81 कलशों से भगवान श्री तिरुपति बालाजी का महाभिषेक किया गया। इस उत्सव में हिसार व आसपास के क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। भगवान तिरुपति के आलौकिक महाभिषेक के दर्शन करके समस्त श्रद्धालु भावविभोर होकर नतमस्तक हो गए। इस दौरान 81 कलशों के यजमान भी धोती-कुर्ता धारण करके पूजा-अर्चना के लिए धाम में उपस्थित रहे। ज्येष्ठाभिषेक उत्सव के दौरान तिरुपति धाम जय श्रीमन्ननारायण व जय तिरुपति बालाजी के उदघोष से गुंजायमान को उठा। उत्सव के समापन पर स्वामी नारायणाचार्य जी महाराज ने सभी यजमानों को कलश, नारियल, फल व पटका प्रसाद स्वरूप प्रदान किया।

ज्येष्ठाभिषेक उत्सव में भगवान विष्णु के किसी भी रूप की पूजा-अर्चना व आराधना करने से सभी कष्टों से मुक्ति मिलती है और जीवन में सुख व समृद्धि का समावेश होता है। श्री तिरुपति बालाजी भी भगवान विष्णु का स्वरूप हैं। इसलिए ज्येष्ठाभिषेक उत्सव में भगवान तिरुपति के महाभिषेक का विधान है। इसी संदर्भ में तिरुपति धाम में महाभिषेक का आयोजन किया गया। महाभिषेक के उपरांत सभी यजमानों व अन्य श्रद्धालुओं ने अपने इष्ट की आराधना करके जनकल्याण की कामना की। उत्सव के दौरान भोजन प्रसादी का वितरण किया गया।

## नेशनल योगा में प्रमिला रही द्वितीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

ऑल इंडिया योगा फैडरेशन द्वारा कंचनपाड़ा (पश्चिम बंगाल) में हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय योगा चैंपियनशिप करवाई गई जिसमें पूरे भारत से लगभग 13 राज्यों के 700 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में हरियाणा की तरफ से 65 सदस्यीय दल ने हिस्सा लिया था।

योगा कल्चर एसोसिएशन हरियाणा के वर्किंग सैक्रेटरी वीरेंद्र पीटीआई ने बताया कि इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हरियाणा राज्य का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा। राष्ट्रीय योगा चैम्पियनशिप के 15 से 22 आयु वर्ग में हिसार की प्रमिला द्वितीय, रितिका चौथा, जतिन आठवां व सुप्रिया ने दसवां स्थान प्राप्त किया। 22 से 30 आयु वर्ग में राज कुमार चौथे स्थान पर रहा, 30 से 40 आयु वर्ग में विक्रम सातवें, 40 से 55 आयु वर्ग में सत्यवान सांगवान दसवें स्थान पर रहा। 65 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में आचार्य गिरिराज शर्मा ने छठवां स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर हनुमान सिंह भादू, ओमप्रकाश गोयल, बलजिंदर तुर्का, मनोज कड़वासरा, त्रिलोक शर्मा, सुशील पूनिया, दीपक जांगड़ा, डॉ. शमशेर, संदीप नर्सरी कोच, गोविंद नर्सरी कोच, धर्मपाल, सुशीला भुक्कल, ममता देवी, गायत्री आदि ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी ।



**हिसार।** राष्ट्रीय योगा चैम्पियनशिप में पदक विजेता हरियाणा के खिलाड़ी अधिकारियों के साथ। *फोटो :हरिभूमि*





**आदमपुर।** जागरूकता रैली निकालते स्वयंसेवक। *फोटो : हरिभूमि*

### रक्तदान शिविर व रक्तदाता सम्मान समारोह 14 को

**आदमपुर।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर राजकीय बहुतकनीकी संस्थान मंडी आदमपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा एक भव्य रक्तदान शिविर एवं रक्तदाता सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य रक्तदान के महत्व के प्रति जन-जागरूकता फैलाना और नियमित रक्तदाताओं को सम्मानित करना है। कार्यक्रम के संयोजक एवं एनएसएस अधिकारी राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि यह उत्सव गत 15 वर्षों से पूर्ण उत्साह और समर्पण के साथ मनाया जाता रहा है। इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी 14 जून को हरियाणा ग्रीन्स, भादरा रोड, मंडी आदमपुर में यह आयोजन किया जाएगा। रक्त संग्रहण हेतु सिविल अस्पताल हिसार और महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा की विशेषज्ञ टीमें शिविर में भाग लेंगी। शर्मा ने बताया कि रक्तदान जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने के लिए आज एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा आज जागरूकता रैली निकाली गई तथा घर-घर जाकर युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया।

## जनता के नजदीक जाएगी पुलिस शहर में शुरू किया पैदल गश्त

- पैदल गश्त आमजन और पुलिस के बीच संबंध बढ़ाने, अपराध को रोकने और लोगों को सुरक्षित महसूस कराने का एक उपयोगी और प्रभावी तरीका : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

शहर में पुलिस ने भीड़भाड़ वाले स्थानों, बाजारों, मुख्य चौक-चौराहों पर पैदल गश्त अभियान शुरू किया है। यह अभियान विभिन्न थाना क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण, छेड़खानी, सड़क पर अवैध रूप से पार्किंग रोकने, यातायात व्यवस्था को सुगम करने और थाना क्षेत्र में इलाके के बारे में पूरी जानकारी रखने के उद्देश्य से शुरू किया गया है।



शशांक कुमार सावन, एसपी, हिसार

पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कहा कि पुलिस के पैदल गश्त अभियान से लोगों में सुरक्षा की भावना उत्पन्न होगी। इस पहल के तहत शहरी क्षेत्र के सभी थाना प्रभारियों को अतिरिक्त पुलिस बल उपलब्ध करवाया गया है। थाना धिकारी अपने थाने और अतिरिक्त पुलिस बल के साथ में प्रतिदिन पूर्व निर्धारित मार्ग पर निर्धारित समय के अनुसार पैदल गश्त करेंगे तथा पुलिस बल को अपने विवेक अनुसार अलग अलग जगहों पर पैदल गश्त पर भेजेंगे। गश्त के मार्ग का चयन अपराध की प्रवृत्ति, छेड़खानी, ट्रैफिक की समस्या, अतिक्रमण की समस्या, बाजार या भीड़ वाले स्थान, स्कूल व कॉलेज के आसपास अवैध पार्किंग आदि के आधार पर की जाएगी। इस संबंध में उच्च अधिकारियों द्वारा समय समय पर अवलोकन कर रूट चार्ट तैयार किया जाएगा। पैदल गश्त के दौरान वाहनों की चैकिंग, संदिग्ध लोगों से पूछताछ के साथ उनकी पहचान भी की जाएगी।



**हिसार।** चयनित छात्रा बीईएल टीम और टीएंडपी सेल के अधिकारियों के साथ।

### गुजवि की छात्रा का भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड में चयन

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के आयोजित ऑन-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के एमबीए जनरल (एचआर) कार्यक्रम की एक छात्रा का चयन हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने चयनित छात्रा को बधाई दी व छात्रा की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने भी चयनित छात्रा को शुभकामनाएं दी। प्री-प्लेसमेंट सत्र के दौरान, बीईएल के एचआर प्रबंधक के. रामू ने कंपनी के बारे में एक जानकारीपूर्ण प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि बीईएल भारत सरकार के स्वामित्व वाली एयरोस्पेस और रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी है। प्लेसमेंट निदेशक डॉ. प्रताप सिंह ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में एमबीए जनरल (एचआर) के पांच विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## आठ लाख रिश्वत लेने वाले दो दिन के रिमांड पर

- सीआईए व विजीलेंस ने देर रात किया था प्रधान जितेंद्र श्योराण समेत दोनों को काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हिसार संघर्ष समिति के प्रधान जितेन्द्र श्योराण व प्रॉपर्टी डीलर राजबीर को अदालत ने दिन के रिमांड पर भेज दिया है। रिमांड के दौरान पुलिस पता लगाएगी कि आखिर उसने इस तरह ब्लेकमेल करके किस-किस से रुपये लिए हैं। उक्त जितेन्द्र श्योराण व अन्य बिचौलिए को सीआईए टीम व विजीलेंस ने मंगलवार देर रात एक व्यवसायी से आठ लाख रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। दोनों को बुधवार को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें रिमांड पर भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार जितेंद्र श्योराण ने होटल के अवैध कब्जे और किए गए अतिक्रमण को लेकर एक शिकायत अधिकारियों को दी थी। इस शिकायत को वापस लेने की एवज में उसने होटल संचालक से 50 लाख रुपये मांगे थे। दोनों पक्षों में लंबी बातचीत के बाद आठ लाख रुपये में समझौता हुआ। मंगलवार देर शाम जब बिचौलिया आठ लाख रुपए लेकर जितेंद्र श्योराण के पास पहुंचा तो रुपये लेते ही सीआईए टीम ने छापेमारी कर उसको रिश्वत के रुपए के साथ पकड़ लिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि हिसार के सेक्टर 9-11 में तमस होटल बना है। इसके खिलाफ जितेंद्र श्योराण ने पिछले दिनों प्रदर्शन भी किया था। जितेंद्र श्योराण ने इस मामले में होटल मालिक के खिलाफ कार्रवाई के लिए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचवीपीएन) को शिकायत की थी।

### पैसे लेकर पहुंचा तो किया काबू

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जितेंद्र श्योराण की होटल संचालक से आठ लाख रुपए में डील तय हुई थी। प्रापर्टी डील करवाने आया राजबीर होटल संचालक साहिल अग्रवाल से आठ लाख रुपए लेकर मंगलवार रात जितेंद्र श्योराण के घर सेक्टर 9-11 पहुंचा। राजबीर ने एक थैले में रुपए डाले हुए थे। जब राजबीर ने रुपयों से भरा थैला जितेंद्र श्योराण को थमाया तो उसी समय सीआईए इंस्पेक्टर पवन टीम टीम मौके पर पहुंची और उसे काबू कर लिया।

### जजपा से लड़ा था चुनाव

जितेंद्र श्योराण ने 2019 में जजपा की टिकट पर हिसार सीट से विधानसभा चुनाव भी लड़ा था, जिसमें करारी हार मिली थी। इसके बाद साल 2024 विधानसभा चुनाव से पहले जितेंद्र ने इनेलो जॉइन कर ली। इस बार उनकी पत्नी सुमन श्योराण ने वार्ड 13 से नगर निगम पार्षद का चुनाव लड़ा था, वो भी हार गई थी।

### इनेलो ने किया किनारा

इन दिनों वे इनेलो के खेमें में देखे जा रहे थे और इनेलो के वरिष्ठ नेताओं के दौरों में अग्रणी रहते थे लेकिन इनेलो ने भी अब जितेन्द्र श्योराण से किनारा कर लिया है। इनेलो जिला अध्यक्ष सतपाल काजला व प्रवक्ता विनोद कसवां ने बुधवार को स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि जितेन्द्र श्योराण का इनेलो से कोई लेना-देना नहीं है और न ही वे पार्टी में किसी पद पर थे।



**हिसार।** पार्क में योग करते नागरिक।

### योग से होता है स्वस्थ तन व मन का विकास : रेड्डू

**हिसार।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सेक्टर 1-4 में पांच दिवसीय योग शिविर का विधिवत शुभारंभ हुआ। सेक्टर 1-4 स्थित सेठ छाजूराम पार्क में प्रातः 6 बजे से 7 बजे तक चलने वाला यह शिविर 15 जून तक चलेगा। योगाचार्य मंदीप सिंह ने शिविर में उपस्थित लोगों को योग की महता के बारे में बताया तथा योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया। शिविर का आयोजन सेक्टर 1-4 आरडब्ल्यूए व आयुष विभाग के संयुक्त सहयोग से किया जा रहा है। इस अवसर पर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष राजकुमार रेड्डू ने कहा कि आज की तनाव भरी दिनचर्या में योग के द्वारा ही हम तनावमुक्त जीवन जी सकते हैं। स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का निवास होता है प्रतिदिन योग से अपने तन व मन दोनों को स्वस्थ रखें।

### काफी और स्नेहा का भारतीय हैंडबॉल टीम कैंप में चयन

# लाडवा की बेटियां अंतरराष्ट्रीय मंजिल की ओर अग्रसर

- राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का नाम किया रोशन, बेटियों की उपलब्धि पर मिल रही बधाइयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

लाडवा गांव की बेटियां काफी और स्नेहा ने एक बार फिर से गांव और जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। इन दोनों प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन भारतीय अंडर-18 महिला हैंडबॉल टीम के राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए किया गया है। यह चयन 9 व 10 जून 2025 को स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया सेंटर, गांधीनगर (गुजरात) में आयोजित ट्रायल के आधार पर हुआ।



काफी



स्नेहा

यह प्रशिक्षण शिविर आगामी 11वीं एशियन वूमेन यूथ हैंडबॉल चैंपियनशिप की तैयारी के लिए आयोजित किया जा रहा है, जो कि 15 जुलाई से 24 जुलाई 2025 तक चीन में प्रस्तावित है।

### काफी रह चुकी है हरियाणा टीम की कप्तान

काफी पूर्व में हरियाणा की अंडर-17 स्कूल गेम्स टीम की कप्तान रह चुकी हैं। दोनों ने वर्ष 2025 के अंडर-17 आयुवर्ग स्कूल नेशनल गेम्स में कांस्य पदक (ब्रॉन्ज मेडल) जीतकर राज्य और जिले को सम्मान दिलाया। दोनों खिलाड़ी खेल विभाग हरियाणा सरकार तहत संचालित ग्राम पंचायत लाडवा हैंडबॉल खेल नर्सरी में नियमित अभ्यास करती हैं। उन्हें कोच अशोक पूनिया व महावीर पूनिया का मार्गदर्शन प्राप्त है। इनकी मेहनत और समर्पण के साथ कोचों का योगदान सराहनीय रहा है। काफी के पिता अनिल एक किसान हैं, वहीं स्नेहा के पिता राजेंद्र सेवानिवृत्त कमांडो हैं।

### सरपंच ने चयन पर दी बधाई

ग्राम पंचायत लाडवा के सरपंच रामफल पूनिया ने दोनों बालिकाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पूरे गांव के लिए गर्व की बात है कि हमारी बेटियां अब भारतीय टीम के दरवाजे पर हैं। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि मेहनत और सही मार्गदर्शन से गांव की बेटियां भी अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंच सकती हैं। उन्होंने बताया कि लाडवा में खेलों की उपलब्धियों को देखते हुए प्रदेश सरकार के खेल विभाग द्वारा लड़के व लड़कियों के लिए दो हैंडबॉल नर्सरियां स्वीकृत की गई हैं, जिनसे निरंतर प्रतिभाएं उभर रही हैं। पंचायत भविष्य में भी पूर्ण सहयोग देती रहेगी। इस उपलब्धि पर जिला खेल अधिकारी नरेश कुमार, सरपंच रामफल पूनिया, प्राचार्या फूलवती लांबा, पूर्व सीनियर साई हैंडबॉल कोच रामस्वरूप चहल, पूर्व जिला खेल अधिकारी सतपाल ढांडा, मधु बाला, शारीरिक शिक्षा के प्रवक्ता प्रमेन्द्र मलिक, डीपीई कुलदीप नैन, शमशेर सिंह नंबरदार, रणबीर फौजी, मनोज भड़, कोच कृष्ण पूनिया ने बालिकाओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### फाटक के पास बिना मिट्टी डाले छोड़ा गया गड्ढा बना परेशानी



**हिसार।** पुरानी सब्जी मंडी से कैंप चौक ओवरब्रिज के नीचे रेलवे फाटक के पास बने सीवरेज के चारों ओर मिट्टी डाले बगैर विभाग द्वारा छोड़ा गया गड्ढा लोगों के लिए समस्या बना हुआ है। यह मार्ग ओवरब्रिज के नीचे से पुरानी सब्जी मंडी और हिसार रेलवे जंक्शन की ओर जाता है। इस रास्ते में लोगों और वाहनों की आवाजाही चलती रहती है। कई बार इस गड्ढे में वाहन फिसलते हैं और लोगों को चोट पहुंचने का भी अंदेशा बना हुआ है। बुधवार को एक कार का पहिया इस गड्ढे में जाकर सीवरेज ढक्कन से टकरा गया जिससे टायर कट गया। इसी तरह रोजाना लोगों को समस्या से दो चार होना पड़ रहा है। आसपास लोगों का कहना है कि कई बार विभाग को गड्ढा बंद करने के लिए अवगत कराया लेकिन अभी तक समस्या जस की तस बनी हुई है। विभाग इस दिशा में कार्य करते हुए गड्ढे को बंद करवाए ताकि नागरिकों को परेशानी न हो।

